TD

बिहार सरकार
स्वास्थ्य विभाग

आदेश

सं०सं०–2/टी–16/2026– /स्वा०, पटना, दिनांक / /2026

डा० राकेश रौशन, सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, भवानीपुर, नवगछिया, भागलपुर द्वारा दिनांक–01.08.2026 को त्याग–पत्र समर्पित किया गया था। डा० राकेश रौशन द्वारा पुनः दिनांक–16.09.2026 को आवेदन समर्पित करते हुए पारिवारिक परिस्थितियों से उत्पन्न स्थिति का हवाला देते हुए त्याग–पत्र वापस लेने एवं विभाग में योगदान करने हेतु अनुरोध किया गया है।

2. डा० राकेश रौशन द्वारा योगदान करने हेतु किये गये अनुरोध के समीक्षोपरान्त डा० राकेश रौशन का आवेदन स्वीकार करते हुए स्वास्थ्य विभाग (मुख्यालय) में योगदान कराने का निर्णय लिया गया है।

3. वर्णित स्थिति में डा० राकेश रौशन को निदेश दिया जाता है कि इस आदेश के आलोक में वे स्वास्थ्य विभाग (मुख्यालय) में अविलम्ब योगदान समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे।

4. प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह०/–
(विनोद कुमार पाठक)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–2/एम–16/2026– 2606(2) /स्वा०, पटना, दिनांक 2/11 /2026

प्रतिलिपिः–महालेखाकार (ले० एवं ह०), बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः–माननीय मंत्री स्वास्थ्य के आप्त सचिव/सचिव, स्वास्थ्य के प्रधान आप्त सचिव/सभी विशेष सचिव/सभी अपर सचिव/सभी उप सचिव/सभी विशेष कार्य पदाधिकारी/सभी अवर सचिव/सभी निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना/सभी प्रशाखा पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः–असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। साथ ही निदेशित किया जाता है कि डा० राकेश रौशन के अनुपस्थित अवधि के संबंध में आरोप पत्र गठित कर विभाग को उपलब्ध कराया जाय।

प्रतिलिपिः–डा० राकेश रौशन, सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, भवानीपुर, नवगछिया, भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः–प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–3, 9(ए एवं बी), 17 एवं 18ए को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः–श्री अमित कुमार, डाटा एनालिस्ट, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः–आई०टी० मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेब–साईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

सरकार के उप सचिव।